Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ۔

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

अनुवाद: और अल्लाह ही का है जो आकाशों और ज़मीन में है वह जिसे चाहता है क्षमा कर देता है और जिसे चाहता है आज़ाब देता है और अल्लाह बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 5

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 20

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

20 रमाज़न 1441 हिजरी कमरी 14 हिजरत 1399 हिजरी शमसी 14 मई 2020 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

अपनी हिम्मत और कोशिश पर गर्व मत करो और मत समझो कि यह समफलता हमारी किसी योग्यता और मेहनत का नतीजा है बल्कि यह सोचो कि इस रहीम ख़ुदा ने जो कभी किसी की सच्ची मेहनत को नष्ट नहीं करता है। हमारी मेहनत को सफल किया

मेरा ईमान यही है कि अगर इन्सान दुनिया में हर किस्म के अपमान और सख़्ती से बचना चाहे तो उस के लिए एक ही राह है कि मुत्तक़ी बन जाए।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

15 जनवरी 1898 ई

को ख़्वाजा कमाल उद्दीन साहिब बी ए, के एल एल बी के परीक्षा में कामयाब होने की ख़बर आई। फ़ज्र की नमाज़ के बाद हज़रत अक़दस इमाम अलैहिस्सलाम बैठ गए और निम्नलिखित संक्षिप्त सी तक़रीर फ़रमाई:

दुनयावी सफलताएं और ख़ुशियां स्थायी नहीं। इन्सान को हर किस्म की सफलता के अवसर पर एक ख़ुशी होती है। क़ुरआन शरीफ़ से तीन किस्म की ख़ुशियां, लहू, लअब (व्यर्थ), तफ़ाख़ुर मालूम होती हैं।लहू में खाने पीने की चाज़े शामिल हैं और लअब में शादी इत्यादि की ख़ुशियां और तफ़ाख़ुर में माल इत्यादि की ख़ुशियां। ये तीन किस्म की ख़ुशियां हैं इन से बाहर कोई ख़ुशी नहीं है। मगर याद रखो कि कामयाबियां और ये ख़ुशियां स्थायी नहीं होती हैं बल्कि उनके साथ दिल लगाओगे तो सख़्त नुकसान होगा और धीरे- धीरे एक वक़्त आता जाता है कि इन ख़ुशियों का ज़माना कड़वाहट से बदलने लगता है।

दुनिया की सफलताएं परीक्षा से ख़ाली नहीं होती हैं। क़ुरआन शरीफ़ आया है

خَلَقَ الْمَوْتَ وَالْحَيٰوةَ لِيَبْلُوَكُمْ

(अल-मलिक:3) अर्थात मौत और ज़िन्दगी को पैदा किया ताकि हम तुम्हें आज़माऐं। सफलता और असफलता भी ज़िन्दगी और मौत का सवाल होती है। कामयाबी एक किस्म की ज़िन्दगी होती है। जब किसी को अपने सफल होने की ख़बर पहुँचती है तो इस में जान पड़ जाती है और मानो नई ज़िन्दगी मिलती है और अगर असफलता की ख़बर आ जाए तो ज़िन्दा ही मर जाता है और कई बार बहुत से कमज़ोर दिल आदमी हलाक भी हो जाते हैं।

यह बात भी याद रखनी चाहिए कि आम ज़िन्दगी और मौत तो एक आसान बात है लेकिन जहन्नुमी ज़िन्दगी और मौत बहुत कठोर चीज़ है। नेक आदमी असफलता के बाद सफल हो कर और भी नेक हो जाता है और ख़ुदा तआला पर ईमान बढ़ जाता है। इस को एक मज़ा आता है जब वह ग़ौर करता है कि मेरा ख़ुदा कैसा है। और दुनिया की सफलता ख़ुदा तआला को पहचानने का एक बहाना हो जाता है। ऐसे आदमीयों के लिए यह सांसारिक सफलताएं वास्तिवक कामयाबी का (जिसको इस्लाम की परिभाषा में फ़लाह कहते हैं)एक माध्यम हो जाती हैं। मैं तुम्हें सच सच कहता हूँ कि सच्ची ख़ुशहाली, सच्ची राहत दुनिया और दुनिया की चीज़ों में हरगिज़ नहीं है। हक़ीक़त यही है कि दुनिया के समस्त विभाग देखकर भी इन्सान सच्चा और स्थायी आन्नद प्राप्त नहीं कर सकता। तुम देखते हो के दौलतमंद अधिक माल तथा दौलत रखने वाले हर समय खुश रहते हैं मगर उनकी हालत ज़रब अर्थात खुजली के मरीज़ जैसी होती है। जिसको खुजलाने से राहत मिलती है लेकिन इस ख़ारिश का आख़िरी नतीजा क्या होताहै? यही कि ख़ून निकल आता है। अत: इन दुनयावी और अस्थायी सफलताओं पर इतना ख़ुश मत हो कि वास्तिवक कामयाबी से दूर चले जाओ बल्कि उन सफलताओं को ख़ुदा तआला को पहचानने का एक माध्यम क़रार दो। अपनी हिम्मत और कोशिश पर गर्व मत करो और मत समझो कि यह समफलता हमारी किसी योग्यता और मेहनत का नतीजा है बल्कि यह सोचो कि इस रहीम ख़ुदा ने जो कभी किसी की सच्ची मेहनत को नष्ट नहीं करता है। हमारी मेहनत को सफल किया वर्ना क्या तुम नहीं देखते कि सैंकड़ों छात्र आए दिन परीक्षाओं में फ़ेल होते हैं। क्या वे सब के सब मेहनत न करने वाले और बिलकुल शरारती और बलीद ही होते हैं? नहीं बल्कि कई ऐसे नेक और होशियार होते हैं कि पास होने वालों में से अक्सर के मुक़ाबला में होशियार होते हैं। इसलिए वाजिब और ज़रूरी है कि हर सफलता पर मोमिन ख़ुदा तआला के हुज़ूर शुक्र के सिज्दे करे कि उसने मेहनत को नष्ट होने नहीं दिया। इस शुक्र का नतीजा यह होगा कि अल्लाह तआला से मुहब्बत बढ़ेगी और ईमान में तरक़्क़ी होगी और न सिर्फ यही बल्कि और भी सफलताएं मिलेंगी क्योंकि ख़ुदा तआला फ़रमाता है कि अगर तुम मेरी नेअमतों का शुक्र करोगे तो अलबत्ता मैं नेअमतों को ज़्यादा करूँगा और अगर नेअमत का इन्कार करोगे तो याद रखो सख़्त अज़ाब में गिरफ़्तार होगे।

मोमिन और काफ़िर की सफलता में फ़र्क़

इस नियम को हमेशा समक्ष रखो। मोमिन का काम यह है कि वह किसी सफलता पर जो उसे दी जाती है। शर्मिंदा होता है और ख़ुदा की प्रशंसा करता है कि उसने अपना फ़ज़ल किया और इस तरह पर वह क़दम आगे रखता है और हर परीक्षा में दृढ़ रह कर इनाम पाता है। ज़ाहिर एक हिन्दू और मोमिन की सफलता एक रंग में समानता होती है लेकिन याद रखो कि काफ़िर की कामयाबी अपमान की राह है और मोमिन की कामयाबी से इस के लिए नेअमतों का दरवाज़ा खुलता है। काफ़िर की कामयाबी इस लिए अपमान की तरफ़ ले जाती है कि वह ख़ुदा की तरफ़ रुजू नहीं करता बल्कि अपनी मेहनत,अक्ल और योग्यता को ख़ुदा बना लेता है मगर मोमिन ख़ुदा की तरफ़ रुजू कर के ख़ुदा से एक नया परिचय पैदा करता है और इस तरह पर हर एक कामयाबी के बाद उस का ख़ुदा से एक नया मामला शुरू हो जाता है और इस में तबदीली लगती है। اِنَّ اللّٰهَ مَعَ الَّذِيْنَ اتَّقَوْا (अन्नहल 131)ख़ुदा उनके साथ होता है जो मुत्तक़ी होते हैं। याद रखना चाहिए कि क़ुरआन शरीफ़ में तक़्वा का शब्द बहुत बार आया है। इस के अर्थ पहले शब्द से किए जाते हैं। यहां मुइ का शब्द आया है अर्थात जो ख़ुदा को मुक़द्दम समझता है ख़ुदा उस को मुक़द्दम रखता है और दुनिया में हर किस्म के अपमानों से बचा लेता है। मेरा ईमान यही है कि अगर इन्सान दुनिया में हर किस्म के अपमान और सख़्ती से बचना चाहे तो उस के लिए एक ही राह है कि मुत्तक़ी बन जाए। फिर उस को किसी चीज़ की कमी नहीं। अत: मोमिन की सफलताएं उस को आगे ले जाती है ओर वह वहीं ही नहीं ठहर जाता।

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 135 प्रकाशन 2018 कादियान)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ का यूरोप का सफर, सितम्बर अक्तूबर 2019 ई (भाग-3)

हुज़ूर अनवर के ख़िताब के एक-एक शब्द ने मेरे दिल पर प्रभाव किया है।

मैं अपने आपको बड़ा ख़ुश-क़िस्मत समझता हूँ कि यहां आ कर हुज़ूर अनवर के अनुकरण में नमाज़ें अदा कीं और इस रुहानी माहौल से लाभ उठाया।

जलसों में शामिल हो कर ईमान को बड़ी मज़बूती मिलती है, जब भी समय के ख़लीफ़ा का दर्शन होता है तो दिल को एक सुकून और इतमीनान प्राप्त होता है

इस जलसा में शामिल हो कर मैं ने ख़िलाफ़त की बरकतों को समेटा है, मुझे हुज़ूर अनवर के ख़त्बों को सुनने का अवसर मिला हुज़ूर अनवर की नसीहतें सुनें, हुज़ूर अनवर के बरकतों वाले वजूद से बरकत लेने की हर एक की इच्छा होती है, मैं ने भी जलसा में शामिल हो कर इस बरकत से हिस्सा लिया है।

मुझे हुज़ूर अनवर के दर्शन की, हुज़ूर अनवर के सानिध्य का सौभाग्य नसीब हुआ, मैंने हुज़ूर के अनुकरण में नमाज़ें अदा कीं

मेरा सम्बन्ध एक अरब देश से है, मैं बहुत दुआ करता हूँ कि हुज़ूर की इच्छा के अनुसार अरब लोगों तक भी जमाअत अहमदिया का अमन वाला पैग़ाम पहुंचे और वे भी ख़िलाफ़त की नेअमत से लाभान्वित हो सकें और जो सुकून मुझे जमाअत में शामिल हो कर प्राप्त हुआ है समस्त अरब देशों के लोग भी इस सुकून को पाएं आमीन

हुज़ूर अनवर ने लज्ना में जो ख़िताब फ़रमाया है इस से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है, हुज़ूर अनवर ने अपने ख़िताब में जो नसीहतें फ़रमाई हैं हमारे लिए ज़रूरी है कि हम उन पर अनुकरण करें

जलसा सालाना में शामिल होने वाले नौ मुबाईन के ईमान वर्धक प्रतिक्रियाएं

जितने भी मुबल्लग़ीन हैं सब ख़ुद्दाम को ध्यान दिलाएँ कि नमाज़ों पर आया करें, ख़ुद्दाम से सम्बन्ध बढ़ाईं और उन्हें लगभग लाएं

नैशनल मज्लिस आमला ख़ुद्दामुल अहमदिया हॉलैंड की हुज़ूर अनवर के साथ मीटिंग और हुज़ूर अनवर की हिदायतें।

असल मक़सद यह है कि सज़ा पाने वाले शख़्स को एहसास दिलाया जाए कि इस ने ग़लती की है।

सज़ा बहरहाल इसलिए दी जाती है कि बेहतरी हो, क़रीबी रिश्तेदार जैसे माँ बाप, बहन भाई सम्बन्ध रख सकते हैं ताकि इस्लाह हो चाची, मामी, फूफी न रखे ताकि ग़लती का एहसास हो और उसको समझाएँ कि तुम ने ग़लती की है, अब यह तो ओहदेदार ने ख़ुद देखना है कि जमाअत का फायदा मुक़द्दम है या ज़ाती रिश्तेदारी।

नैशनल मज्लिस आमला लज्ना इमाउल्लाह हॉलैंड की हुज़ूर अनवर के साथ मीटिंग और हुज़ूर अनवर की सुनहरी हिदायतें

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

नौ मुबाईन के ईमान वर्धक प्रतिक्रियाएं

जलसा सालाना हॉलैंड में विभिन्न देशों से जमाअत के लोग शामिल हुए। उनमें एक संख्या नौ मुबाईन की भी थी। इन नौ मुबाईन ने भी जलसा के माहौल और प्रोग्रामों से भरपूर लाभ उठाया

मराक़श से सम्बन्ध रखने वाली औरत आमना साहिबा बेल्जियम से जलसा में शामिल होने के लिए आई थीं। वर्णन करती हैं कि जलसा सालाना हॉलैंड में मुझे पहली बार हुज़ूर अनवर के पीछे नमाज़ पढ़ने की तौफ़ीक़ मिली है। और मुझे दुआएं करने का अवसर मिला है। और मेरे दिल को बहुत सुकून मिला है।

मिसिज़ आईशा काबंदा देश Congo से सम्बन्ध रखती हैं और बेल्जियम में निवासी हैं। कहती हैं कि हुज़ूर अनवर ने लज्ना में जो ख़िताब फ़रमाया है इस से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है। मुझे हुज़ूर अनवर की अनुकरण में नमाज़ें पढ़ने का सौभाग्य भी मिला। हुज़ूर अनवर ने अपने ख़िताब में जो नसीहतें फ़रमाई हैं हमारे लिए ज़रूरी है कि हम उन पर अनुकरण करें

तौफ़ीक़ जामावी साहिब जिनका सम्बन्ध मराक़श से है, अपनी फ़ैमिली के साथ जलसा में शामिल होने के लिए आए थे। कहते हैं हम इसलिए जलसा में शामिल हुए कि हुज़ूर अनवर का दर्शन कर सकें और हुज़ूर अनवर की अनुकरण में नमाज़ें पढ़ सकें। जलसा का एक रुहानी माहौल होता है और हमें इस से बहुत लाभ मिलता है। हुज़ूर अनवर के ख़त्बों को का एक एक शब्द हमारे दिल तक पहुंचा है। हुज़ूर अनवर के ख़त्बों को ने हमें दोबारा चार्ज कर दिया है

एक घाना के दोस्त अब्दुस्समद साहिब जो बेल्जियम में निवासी हैं, जलसा में शामिल हुए, कहते हैं कि मैंने हुज़ूर अनवर के समस्त ख़त्बे सुने हैं। हुज़ूर अनवर ने हमें हमारी रुहानी दृष्टि से भी ज़िम्मेदारियों की तरफ़ ध्यान दिलाया है। यह कि हमारी बैरूनी लिबास की ख़ूबसूरती से अधिक हमारी अंदरूनी और रुहानी ख़ूबसूरती होनी चाहिए जो कि नमाज़ के द्वारा पैदा हो सकता है। हुज़ूर अनवर के ख़त्बों को के एक एक शब्द ने मेरे दिल पर बहुत प्रभाव किया है। हुज़ूर अनवर ने हमें हमारी कमजोरियों की तरफ़ भी ध्यान दिलाया है। मैं अपने आपको बड़ा ख़ुश-क़िस्मत समझता हूँ कि यहां आकर हुज़ूर अनवर की अनुकरण में नमाज़ें अदा कीं और इस रुहानी माहौल से उठाया।

एक मुबाइयात दोस्त करबूज़ इदरीस साहिब जोकि मराक़श से हैं और बेल्जियम में निवासी हैं। जलसा में शामिल होने के लिए आए थे। कहते हैं कि पहले मुझे जलसा सालाना जर्मनी में शामिल होने का अवसर मिला था और अब हॉलैंड के जलसा में शामिल हुआ हूँ। इन जलसों में वही उख़ुवत और भाईचारा की शिक्षा मिलती है जो इस्लाम पेश करता है। लोग बड़ी ख़ुशी और मुहब्बत के साथ एक दूसरे को मिलते हैं। जलसों में शामिल हो कर ईमान को बड़ी मज़बूती मिलती है। जब भी समय के ख़लीफ़ा का दर्शन होता है तो दिल को एक सुकून और इतमीनान प्राप्त होता है। यहां मैंने बार-बार हुज़ूर अनवर का दर्शन किया और दिली सुकून पाया। मैं ख़ुदा का शुक्र अदा करता हूँ।

रवांडा देश से सम्बन्ध रखने वाले एक नौजवान वज़ीली सद्दाम साहिब बेल्जियम से आए थे। महोदय ने बताया कि इस जलसा में शामिल हो कर मैंने ख़िलाफ़त की बरकतों को समेटा है। मुझे हुज़ूर अनवर के ख़त्बों को सुनने का अवसर मिला। हुज़ूर अनवर की नसीहतें सुनें। इस दृष्टि से मैं अपने आपको बड़ा ख़ुश-क़िस्मत समझता हूँ। हुज़ूर अनवर के बरकतों वाले वजूद से बरकत लेने की हर एक की इच्छा होती है। मैंने भी जलसा में शामिल हो कर इस बरकत से हिस्सा लिया है।

देश यमन से सम्बन्ध रखने वाले एक दोस्त अब्दुल्लाह अलहमरी साहिब बेल्जियम से आए थे। कहने लगे सबसे पहले मैं अल्लाह तआला का शुक्र अदा

शेष पृष्ठ 7 पर

ख़ुत्ब: जुमअ:

आजकल दुआओं, दुआओं और दुआओं पर बहुत ज़ोर दें। अल्लाह तआला जमाअत के हर फ़र्द को और सामूहिक रूप से जमाअत को भी हर दृष्टि से अपनी हिफ़ाज़त में रखे

महामारी के दिनों में दुआओं के साथ सुरक्षा नियमों को धारण करने की नसीहत

कारोबारी लोगों को इन्सानियत की सेवा और हमदर्दी की भावना के अधीन बन्दों के हुक़ूक़ अदा करते हुए खाने पीने की चीज़ों और ज़रूरी अनिवार्य वस्तुओं को कम से कम लाभ पर बेचने की नसीहत

ख़िलाफ़त से सच्चा प्यार का सम्बन्ध रखने वाले,कामिल इताअत करने वाले, अल्लाह तआला से किए गए हर अह्द को पूरा करने वाले, अमला हिफ़ाज़त ख़ास के कारकुन, इंतिहाई मुख़लिस और नि:स्वार्थ सिलसिला के ख़ादिम

आदरणीय नासिर अहमद सईद साहिब की वफ़ात पर उनका ज़िक्रे ख़ैर

"ये उन लोगों में शामिल होते हैं जिनके बारे में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि ये शहीद हैं"

ख़ुत्ब: जुमअ: सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 10 अप्रैल 2020 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू. के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِينَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّينِ۔ إِيَّاكَ نَعْبُدُ وَإِيَّاكَ نَسْتَعِينُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيمَ۔ صِرَاطَ الَّذِينَ أَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّالِّينَ

आजकल करोना की महामारी की वजह से जो दुनिया के हालात हैं उसने अपनों को भी, ग़ैरों को भी सबको परेशान किया हुआ है। लोग ख़त लिखते हैं, अपनी परेशानियों का वर्णन करते हैं। अपने प्यारों, क़रीबियों, रिश्तेदारों की बीमारियों के कारण से परेशान हैं चाहे वह कोई भी बीमारी हो। इन हालात में बहुत अधिक परेशानी का इज़हार होता है कि अगर कोई और बीमारी भी है तो कमज़ोर जिस्म इस महामारी की बीमारी को ले ही न ले। अहमदियों में से कुछ को इस बीमारी का हमला भी हुआ है। बहरहाल एक परेशानी ने दुनिया को घेरा हुआ है। एक मुरब्बी साहिब ने मुझे लिखा कि समझ नहीं आ रही कि यह क्या हो गया है और क्या हो रहा है। बात उनकी ठीक है। हक़ीक़त यही है कि कुछ पता नहीं लग रहा कि दुनिया को क्या हो रहा है लेकिन अल्लाह तआला क़ुरआन करीम में भी इन्ही हालात के बारे में, आजकल के ज़माना के हालात के अनुसार है कि

وَقَالَ الْإِنْسَانُ مَا لَهَا (अज़्ज़िलज़ाल 4)

और इन्सान कह उठेगा कि उसे हो क्या गया है

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाह तआला अन्हो ने फरवरी 1920 ई में आज से तक़रीबन सौ साल पहले महामारियों, आकाल, परीक्षा और तूफ़ानों का वर्णन करते हुए इस आयत की संक्षिप्त व्याख्या फ़रमाई थी कि पहले एक दो ही महामारी या इबतिला आते थे लेकिन अब यह ज़माना ऐसा है कि इस में परीक्षाओं के दरवाज़े खुल गए हैं।

(उद्धरित ख़ुत्बाते महमूद भाग 6 पृष्ठ 387 ख़ुत्बा जुमअ: 6 फरवरी1920 ई)

मैं भी पिछले कई सालों से यह कह रहा हूँ कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम के प्रादुर्भव के बाद और जब से कि आप ने दुनिया को खासतौर पर आफ़तों और आसमानी बलाओं से सचेत किया है, होशियार किया है दुनिया में तूफ़ानों , भुकम्पों , महामारिओं की संख्या बहुत बढ़ गई है और प्राय तौर पर यह महामारिया और बलाएं इन्सान को होशियार करने के लिए आ रही हैं कि तुम अपने पैदा करने वाले के भी हक़ अदा करो और अल्लाह तआला की मख़लूक़ के भी हक़ अदा करो, उस के बंदों के भी हक़ अदा करो। अत: इन हालात में हम ने ख़ुद भी अल्लाह तआला की तरफ़ पहले से अधिक झुकना है और दुनिया को भी होशियार करना है। कुछ बीमारियां या तूफ़ान और महामारियां ऐसी हैं कि जब दुनिया में आएं तो क़ुदरती तौर पर इस का प्रभाव प्रत्येक पर पड़ता है

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाह तआला अन्हो भी यह फ़रमाते हैं कि ठीक है कुछ परीक्षाओं का हम से सम्बन्ध नहीं है लेकिन इस दुनिया में जब हम रहते हैं तो कई बातों में जैसे महामारीयां हैं, अकाल हैं उनमें हमें भी एक हद तक हिस्सा लेना पड़ता है अर्थात हम भी इस में शामिल होते हैं। हम पर भी वे प्रभाव डालती हैं। यह नहीं होता कि इलाही जमाअतों को उनसे बिलकुल सुरक्षित रखा जाए। आप ने फ़रमाया कि क्योंकि यह ख़ुदा की मस्लहतों के विरुद्ध है।

(उद्धरित ख़ुत्बात महमूद भाग 6 पृष्ठ 387-388 ख़ुत्बा जुम्अ: 6 फरवरी1920 ई)

लेकिन मोमिन इन मुश्किलों से अल्लाह तआला के हुज़ूर झुकते हुए, उस का शुक्रगुज़ार बंदा बनते हुए गुज़र जाता है। अत: जैसा कि मैं ने कहा कि हमें इन दिनों में विशेष रूप से अल्लाह तआला के हुज़ूर बहुत झुकना चाहिए और इस का रहम और फ़ज़्ल माँगना चाहिए। इसलिए पहले से बढ़कर हर अहमदी को अल्लाह तआला के हुज़ूर झुकने की कोशिश करनी चाहिए। कुछ लोग कुछ प्रतिक्रिया कर देते हैं कि यह महामारी निशान के तौर पर है और सावधानियों की या कुछ ईलाज की कोई ज़रूरत नहीं या उस किस्म के और ऐसे प्रतिक्रिया जो दूसरों की भावनाओं को तकलीफ़ पहुंचाते हैं। हमें नहीं पता कि यह निशान है, खासतौर पर कोई निशान है या नहीं लेकिन प्राय रूप से बहरहाल हम कहते हैं जैसा कि मैं ने अभी भी कहा और कुछ ख़ुत्बे पहले भी मैंने इस बीमारी के वर्णन में शुरू में ही कहा था कि धरती और आकाश की बलाएं और आफ़तें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बिअसत के बाद बहुत बढ़ गई हैं। अत: प्राय रूप से तो बेशक कहा जा सकता है लेकिन इस को हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम के ज़माना के प्लेग के साथ मिलाना और फिर इस किस्म की बातें करना कि नऊज़ बिल्लाह जो अहमदी इस बीमारी में पीड़ित हैं या इस से वफ़ात पा गए हैं उनका ईमान कमज़ोर है या था। यह कहने का किसी को हक़ नहीं है।

प्लेग हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम के लिए एक निशान के तौर पर ज़ाहिर हुआ यद्यपि कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस बीमारी से फ़ौत होने वाले को शहीद क़रार दिया है।(सही अल-बुख़ारी किताबुत्तिब बाब मा यज़कर फित्ताऊन हदीस 5733) लेकिन बहरहाल यह क्योंकि एक प्लेग की बीमारी के निशान के तौर पर ज़ाहिर हुआ था और इस के बारे में अल्लाह तआला ने आप को खासतौर पर फ़रमाया था, इस बारे में आप ने ऐलान भी फ़रमाया था कि यह निशान है और इस बारे में जमाअत को हिदायतें भी फ़रमाई थीं इसलिए इस प्लेग की जो आप के ज़माना में आया एक अलग हैसियत थी लेकिन साथ ही उस वक़्त भी हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम ने एक अवसर पर जमाअत को यह फ़रमाया बल्कि मुफ़्ती साहिब रज़ि को कहा कि अख़बार में इस का ऐलान कर दें कि मैं अपनी जमाअत के लिए बहुत दुआ करता हूँ कि वह इस को बचाए रखे । मगर आप फ़रमाते हैं कि क़ुरआन करीम से यह प्रमाणित है कि जब अल्लाह तआला का क़हर नाज़िल होता है तो फिर बुरों के साथ नेक भी लपेटे जाते हैं और फिर उनका हश्र अपने अपने कर्मों के अनुसार होगा। फिर केवल यह नहीं कि उनको, नेकों को कोई असर न होगा हाँ नेकों पर भी प्रभाव हो जैसा कि पहले भी ज़िक्र हो चुका। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि ने फ़रमाया कि यह क़ुदरत का कानून है। प्रभाव तो होता है।

फिर आप फ़रमाते हैं देखो हज़रत नूह का तूफ़ान सब पर पड़ा और स्पष्ट है कि प्रत्येक मर्द औरत और बच्चे को इस से पूरे तौर पर ख़बर न थी कि नूह का दावा और इस के तर्क क्या हैं। जिहाद में जो विजय हुईं वे सब इस्लाम की सच्चाई के लिए निशान थीं। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ सहाबा जिहाद में शामिल हुए। जिहाद में विजय हुई। इस के बाद ख़ुलफ़ाए राशिदीन के ज़माने में भी जिहाद हुए। उनमें कुछ जगह शिकस्तें भी हुईं लेकिन प्राय रूप से विजय हुईं। आप

फ़रमाते हैं ये सब इस्लाम की सच्चाई के लिए एक निशान थीं। आप फ़रमाते हैं कि लेकिन हर एक में कुफ़्फ़ार के साथ मुस्लमान भी मारे गए। यह नहीं हुआ कि केवल काफ़िर मारे गए। यद्यपि जिहाद निशान के तौर पर था लेकिन इस में मुस्लमान भी मारे गए और फ़रमाया कि मुस्लमान जो मारा गया वह मुस्लमान शहीद कहलाया। ऐसा ही ताऊन हमारी सच्चाई के लिए एक निशान है और संभव है कि इस में हमारी जमाअत के कुछ आदमी भी शहीद हों। फिर आप फरमाते हैं सबसे प्रथम अल्लाह के अधिकारों को अदा करो। अपने नफ़्स को भावनाओं से पवित्र रखो। इस के बाद बन्दों के अधिकारों को अदा करो और नेक कर्म को पूरा करो। ख़ुदा तआला पर सच्चा ईमान लाओ और विनय के साथ ख़ुदा तआला के समक्ष दुआ करते रहो और कोई दिन ऐसा न हो जिस दिन तुम ने ख़ुदा तआला के हुज़ूर रो कर दुआ न की हो। इस के बाद ज़ाहरी माध्यमों का ध्यान रखो। फिर फरमाया जो तुम में से इलाही तक़दीर के अनुसार ताऊन में पीड़ित हो जाए उस के साथ और इस के परिजनों के साथ पूरी हमदर्दी करो और हर तरह से इस की मदद करो और इस के ईलाज तथा चिकित्सा में कोई तरीक़ा बाकी न रखो लेकिन याद रहे कि हमदर्दी के यह अर्थ नहीं कि इस के ज़हरीले सांस या कपड़ों से प्रभावित हो जाओ।

(मल्फ़ूज़ात भाग 9 पृष्ठ 251-253)

हमदर्दी बेशक करो लेकिन सावधानी के नियमों का पालन भी ज़रूरी हैं। उनसे बचना भी ज़रूरी है। बल्कि इस असर से बचोगे। अत: इस बात से हमें यह शिक्षा लेनी चाहिए कि जो भी मदद करने वाले हैं उनको जो ये ज़रूरी सावधानियां हैं जैसे आजकल यह कहा जाता है मास्क पहनो और दूसरी सावधानियों हैं उनको सामने रखना चाहिए। इसी तरह से बिना कारण लोगों के घरों में आने जाने से भी बचना चाहिए। हुकूमत ने भी मना किया है। इस से परहेज़ चाहिए।

आजकल यहां यूके में बावजूद हुकूमत के कहने के और मना करने के लोग पार्कों में जा कर इकट्ठे मिलना-जुलना रखते हैं। आज्ञा तो सिर्फ इस सीमा तक है कि तुम वाक (walk)कर सकते हो। थोड़ी सी खुली हवा में जा सकते हो। यह नहीं है कि पार्कों में बैठ कर पिक्निकें मनानी शुरू कर दो और कई लोग इकट्ठे हो जाएं। यह ग़लत तरीक़ा है और हुकूमत बार-बार इस तरफ़ ध्यान दिला रही है। कारों में बैठ कर चले जाते हैं। हुकूमत ने कहा है कि अगर तुम यह कहते हो कि हम हवा के लिए जाते हैं। exercise के लिए पार्क में जाते हैं तो फिर घरों से पैदल जाओ या साईकलों पर जाओ। यह कारों में इकट्ठे बैठ कर जो जाते हो यह भी ग़लत तरीक़ा है। अब कुछ जगह कौंसिलों ने पार्किंग की जगहें बंद करने का ऐलान किया है कि कारों के आने की इजाज़त ही नहीं। पार्किंग की इजाज़त ही नहीं है। बहरहाल अहमदियों को इस किस्म की हरकतों से बचना चाहिए। जिनके सपुर्द मदद के काम हैं, ख़ुद्दामुल अहमदिया ने भी बहुत सारे वालंटेयर पेश किए हैं और भी मदद कर रहे हैं वे सारी सावधानियों और दुआओं के साथ इस मदद के कर्तव्य को सरअंजाम दें और असावधानियों से बचें। बिना किसी कारण अपने आपको हलाकत में न डालें। यह अज्ञानता है। यह कोई बहादुरी नहीं है, यह आज्ञानता कहलाती है। अत: बहुत सावधानी करें।

फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फरमाया कि ख़ुदा न चाहे जो इस बीमारी से मर जाए वह शहीद है। उस समय जो प्लेग थी इस के लिए नहलाने की ज़रूरत नहीं और न नया कफ़न पहनाने की ज़रूरत है। इस से फिर शहीद वाला व्यवहार किया जाता है? यहां तो हुकूमत ने कुछ सीमा तक आज्ञा दी हुई है नहला भी सकते हैं और कफन भी दे पहना सकते हैं। उस ज़माना में जो कठिन हालात थे उस समय आप ने फरमाया था कि आवश्यकता नहीं। फिर बार बार आप ने फरमाया कि घरों की सफाई बहुत अधिक किया करो इस के बारे में विशेष रूप से हिदायत फरमाई और घरों की सफ़ाई के साथ ही यह भी फ़रमाया कि अपने कपड़ों की सफ़ाई रखो। अपने कपड़े भी साफ़ रखो और नालियां भी साफ़ कराते रहो। यहां तो सारा सीवरेज सिस्टम (sewerage system) अंडरग्राऊंड (underground)होता है। ग़ैर तरक़्क़ी वाले देशों में जहां नालियां खुली होती हैं यह खासतौर पर बहुत ज़रूरी चीज़ है कि नालियां साफ़ रखी जाएं। फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इस बात को खासतौर पर फ़रमाया कि सबसे पहले यह है कि अपने दिलों को भी साफ़ करो और ख़ुदा तआला के साथ पूरी सुलह कर लो।

(मल्फ़ूज़ात भाग 9 पृष्ठ 253)

अत: हमें इन हालात में भी जो आजकल इस महामारी की वजह से हैं और हर एक इस से प्रभावित है जैसा कि मैंने कहा लिखने वाले लिखते भी हैं इन बातों की तरफ़ विशेष ध्यान रखना चाहिए। हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारे लिए दुआओं का रास्ता खुला है। हमें इस यक़ीन के साथ अल्लाह तआला के आगे झुकना चाहिए कि अल्लाह तआला ने हमारे लिए दुआओं का रास्ता खोला है और ख़ुदा तआला दुआएं सुनता है। अगर ख़ालिस हो कर उस के आगे झुका जाए तो वह क़बूल करता है, किस रंग में क़बूल करता है यह वह बेहतर जानता है। उमूमी तौर पर अपने लिए, अपने प्यारों के लिए, अपने अज़ीज़ों के लिए, जमाअत के लिए और उमूमी तौर पर इन्सानियत के लिए दुआएं करनी चाहिऐं। दुनिया में बहुत से ऐसे लोग हैं और उनमें अहमदी भी होंगे जिनके पास सावधानियों के सामान उपलब्ध नहीं, जिन को ईलाज की सुविधाएं नहीं हैं, खाने पीने की सुविधाएं नहीं हैं अल्लाह तआला उन पर भी और हम सब पर भी रहम फ़रमाए। हम जमाअत के तौर पर कोशिश करते हैं कि इन हालात में ख़ुराक इत्यादि हर अहमदी तक पहुंचाएं लेकिन फिर भी हो सकता है , कमी रह जाती है बल्कि यह कोशिश होती है कि ख़ुराक या ईलाज की सुविधाएं पहुंचाएं। अहमदियों के घर पहुंचाने की इस कोशिश के बावजूद कमी रह जाती है बल्कि हम तो यहां तक कोशिश करते हैं कि ग़ैरों तक भी यह सब सुविधाएं ईलाज की सुविधा या ख़ुराक इत्यादि की सुविधा जहां ज़रूरत है पहुंचे और बेग़र्ज़ हो कर यह सेवा विशेष रूप से हमदर्दी के भावना से हम करते हैं लेकिन फिर भी कुछ द्वेष वाले मीडिया के द्वारा या तथाकथित उल्मा ये इल्ज़ाम लगा देते हैं कि अहमदी जो ये सेवा कर रहे हैं या ख़ुराक पहुंचा रहे हैं या मैडीकल ऐड दे रहे हैं ये अपनी तब्लीग़ के लिए मदद करते हैं ताकि उनकी तब्लीग़ के रस्ते खुलें। बहरहाल हमें इन इल्ज़ामों से कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता। अल्लाह तआला हमारी नीयतों और हमारी भावना को जानता है। फिर मैं कहूँगा कि आजकल दुआओं, दुआओं और दुआओं पर बहुत ज़ोर दें। अल्लाह तआला जमाअत को हर लिहाज़ से जमाअत के हर फ़र्द को हर लिहाज़ से और सामूहिक पर जमाअत को भी हर लिहाज़ से अपनी हिफ़्ज़ तथा अमान में रखे। अल्लाह तआला मुझे भी और आपको भी दुआएं करने और दुआओं की क़बूलीयत से लाभान्वित होने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए।

यह बात भी मैं कुछ अहमदी कारोबारी लोगों के लिए कहना चाहता हूँ कि जो अहमदी किसी कारोबार में हैं वे इन दिनों में अपनी चीज़ों पर ग़ैर ज़रूरी मुनाफ़ा बनाने की कोशिश न करें और ग़ैर ज़रूरी मुनाफ़ा बनाने की बजाय और खासतौर पर खाने पीने की चीज़ों में और ज़रूरी अनिवार्य चीज़ों में ग़ैर ज़रूरी मुनाफ़ा बनाने की बजाय यह उन चीज़ों को कम से कम लाभ पर बेचें और यही इन्सानियत की सेवा के दिन हैं जिसकी हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने भी नसीहत फ़रमाई है कि हमदर्दी की भावना पैदा करो। हुक़ूक़ुल ईबाद की अदायगी के यही दिन हैं और इस माध्यम से यह ख़ुदा तआला का क़ुर्ब पाने के भी दिन हैं। अल्लाह तआला हर एक को जो भी कारोबारी लोग हैं इस की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए कि वह इन हालात में बजाय ग़ैर ज़रूरी लाभों के एक हमदर्दी के भावना के अधीन अपने कारोबारों को भी चिलाऐं।

अब मैं पिछले दिनों फ़ौत होने वाले हमारे एक बहुत मुख़लिस कारकुन और सिलसिला के ख़ादिम आदरणीय नासिर अहमद सईद साहिब का ज़िक्र करूँगा जो

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह ख़ामिस

ख़िलाफत का निज़ाम भी अल्लाह तआला और उस के रसूल के आदेशों और निज़ाम का हिस्सा है।

(ख़ुत्बा जुम्अ: 24 मई 2019 ई)

तालिबे दुआ

मुहम्मद शुएब सुलेजा पुत्र जनाब मुहम्मद ज़ाहिद सुलेजा मरहूम तथा फैमली, अहमदिया जमाअत कानपुर(उत्तर प्रदेश)

हदीस नबवी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और अगर खड़े होकर संभव न होतो बैठ कर और अगर बैठ कर भी संभव न हो तो पहलु के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

5 अप्रैल को वफ़ात पा गए। इन्ना लिल्लाह व इन्ना इलैहि राजेऊन

नासिर अहमद सईद साहिब 1951 ई में डिस्का ज़िला स्यालकोट के एक गांव में ताज दीन साहिब के घर में पैदा हुए थे। उनकी पिता का नाम ताज दीन था। आप पैदाइशी अहमदी थे। शिक्षा अधिक हासिल नहीं की। उन्होंने मिडल तक, आठवीं क्लास तक शिक्षा हासिल की। फिर 1973 ई में नज़ारत उमूर आमा के अधीन बतौर कारकुन हिफ़ाज़त ख़ास उनका तक़र्रुर हुआ। (हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अल-राबे रहमहुल्लहा की अप्रैल 1984 ई में मेरा ख़्याल है रब्वह से हिज्रत हुई थी। इस के बाद बहरहाल फिर 1985 ई में उनका रबोह से लंदन तबादला हो गया। और सेवा सरअंजाम देते रहे। उम्र के लिहाज़ से जो क़वाइद की दफ़्तरी कार्रवाई होती है इस के अनुसार उनको अक्तूबर 2010 ई में रिटायर कर दिया गया था लेकिन उन्होंने रिटायरमैंट के बाद भी अपना काम जारी रखा, डयूटी के फ़राइज़ सरअंजाम देते रहे और अल्लाह तआला के फ़ज़ल से ख़िलाफ़त साल्सा से ले के अब तक, मेरे वक़्त तक उनको डयूटी की सआदत मिली।

नासिर सईद साहिब बहुत से गुणों के मालिक थे। बड़ी ईमानदारी और चुस्ती के साथ अपनी डयूटी देते थे। ख़िलाफ़त अहमदिया के साथ उनको बड़ा सच्चा प्यार का सम्बन्ध था। उनके पीछे रहने वालों में उनकी पत्नी कुलसूम बेगम साहिबा हैं। एक बेटा है ख़ालिद अहमद सईद और आगे उनके ख़ालिद सईद साहिब के बच्चे हैं। ख़ालिद सईद साहिब भी रज़ाकार के तौर पर हिफ़ाज़त ख़ास में डयूटी देते रहते हैं। अल्लाह तआला उनको नासिर सईद साहिब की तरह वफ़ादार बनाए और उनके नक़्श क़दम पर चलने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए और नासिर सईद साहिब की पत्नी को सब्र और हौसला प्रदान फ़रमाए

नासिर सईद साहिब के एक रिश्तेदार हैं। उनके मामू के बाटे महमूद साहिब रब्वह में हैं। महमूद साहिब पहले फ़ौज में थे और उनके हमउमर ही थे। कहते हैं कि नासिर सईद साहिब के माता पिता ने भी उनको कहा कि फ़ौज में भर्ती हो जाओ या कोई और नौकरी कर लो तो उन्होंने उन्हें जवाब दिया कि अगर कोई नौकरी करनी हुई तो जमाअत की नौकरी करूँगा वर्ना यह छोटा सी खेती है यही अपना खेती का काम करता रहूँगा और इस के बाद फिर जैसा कि मैंने कहा यह जमाअत में आए और भर्ती हो गए। अपने उनके रिश्तेदार ही लिखते हैं कि अपने सब रिश्तेदारों से बहुत दिल से मुहब्बत का सुलूक रखते थे और बहुत से ज़रूरतमंद रिश्तेदारों की ख़ामोशी से मदद भी करते थे।

रब्वह में हिफ़ाज़त ख़ास के अमले के कारकुन शकूर साहिब हैं वह कहते हैं कि मुझे 1990 ई से 1998 ई तक लंदन में नासिर सईद साहिब के साथ डयूटी का मौक़ा मिला और हमेशा उन्हें ख़िलाफ़त का वफ़ादार और इताअत करने वाला पाया और डयूटी के मामला में हमेशा बड़े ईमानदार थे। हमेशा अपनी डयूटी के लिए वक़्त से पहले आ जाया करते थे और राज़ वाला कोई पैग़ाम होता था तो हमेशा उस को राज़ रखते और अपने साथियों को भी यह नसीहत करते कि राज़ में रखना चाहिए और अपने किसी साथी से भी कभी उस का ज़िक्र नहीं करते थे

मेजर महमूद साहिब अफ़्सर हिफ़ाज़त ख़ास हैं उन्होंने जो लिखा है कहते हैं कि नासिर सईद साहिब बहुत अधिक वफादार कारकुन थे। उनकी रूह का केन्द्र सिर्फ और सिर्फ ख़िलाफ़त अहमदिया थी। दुनियावी सुख सुविधाओं से दूर थे। धर्म की सेवा ही उनका लक्ष्य था। सेवा करने के इलावा उनकी और कोई सोच नहीं थी। हार्दिक इच्छा रखते थे कि ख़िलाफ़त के दर पर जान निकले और इसी को उन्होंने सच कर दिखाया। मेहमान नवाज़ी में भी बड़े आगे बढ़े हुए थे। अपनी मिसाल आप थे। हर बड़े छोटे की इज़्ज़त का ख़्याल रखते थे। अपने से सीनीयर की बेहद इज़्ज़त करते थे। कभी होंटों पर कभी ज़बान पर गिला शिकवा नहीं लाए और हमेशा हर हुक्म के अनुकरण को अपना फ़र्ज़ जाना। मेजर साहिब ने लिखा है कि वक़्फ़ ज़िन्दगी की वह एक लाजवाब मिसाल थे और हक़ीक़त भी यही है कि बेलौस हो के उन्होंने अपनी ज़िन्दगी में सेवा की है।

जामिया जर्मनी के एक छात्र हारून साहिब हैं वह भी लिखते हैं कि कई बार उनको अनुभव हुआ कि अगर लोगों की, दोनों पक्षों में कोई रंजिशें हैं असहमति है तो उनमें सुलह सफ़ाई कराने में बड़ी भूमिका अदा करते थे। कहते हैं एक बार मैं ने उनसे पूछा कि आप छुट्टियों में कभी कहीं जाते हैं तो उन्होंने जवाब दिया कि ख़लीफ़ वक़्त की जो सेवा है वहां हाज़िर रहना और डयूटी देना वही वाक़िफ़ ज़िन्दगी की छुट्टियां हैं और कोई और मक़सद नहीं होना चाहिए। फिर बेशुमार लोगों ने उनके आचरण , उनकी मेहमान नवाज़ी, ख़ुशमिज़ाजी और प्यार और मुहब्बत का ज़िक्र किया है। यद्यपि वह जमाअत के किसी बड़े उच्च ओहदे पर फ़ाइज़ नहीं थे लेकिन मामूली सेवा करने वाला होने के बावजूद हर दिल-अज़ीज़ थे। जिससे मिलते उस का दिल मोह लेते थे

जर्मनी के नसीर बाजवा साहिब हैं कहते हैं बड़े उत्तम आचरण और आदतों के मालिक थे। सब के लिए बेहतर सोचते थे। हरवक़त हर शख़्स की सेवा के लिए तैयार रहते थे और दूसरों की मदद कर के ख़ुश होते थे और इस में दिली सन्तोष महसूस करते थे। अमरीका के एक ख़ादिम सय्यद उवैस हैं उन्होंने भी यह लिखा कि जब भी अमरीका के दौरे पर आए बड़ी बशाशत से मिलते। कभी थकावट के निशान उनमें नहीं देखे और ख़ुद्दाम को भी बड़े प्यार से मिलते और बड़े प्यार से समझाते और उनका हौसला बढ़ाने की कोशिश करते। उनमें यह बड़ी ख़ूबी थी। हर देश के लोगों के पत्र आ रहे हैं। सारे तो यहां वर्णन भी नहीं सकते।

फ़िरोज़ आलम साहिब हैं उन्होंने भी बहुत सारी इन्हीं ख़ूबियों का ज़िक्र कर के लिखा कि विनय, विनम्रता थी। और जब वह अकेले यहां थे तो मेहमान नवाज़ी उनकी भी करते रहे। फिर इबादत का भी ज़िक्र किया कि मैंने हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अल-राबे की बीमारी के दिनों में मस्जिद में रात को तहज्जुद के वक़्त बड़ी तड़प से उनको दुआएं करते हुए देखा।

जर्मनी के भूतपूर्व सदर ख़ुद्दामुल अहमदिया हसनात साहिब हैं। वह भी वाकिफ ज़िन्दगी हैं। उन्होंने भी यही लिखा है कि उनके इख़लास, डयूटी में लगन, ख़िलाफ़त से वफ़ा को देखकर हमेशा रशक आता था। एक तरफ़ सादगी की इंतिहा थी तो दूसरी तरफ़ एक अजीब इर्फ़ान भी उनके अंदर था। फिर कहते हैं उनसे ख़ुद्दामुल अहमदिया के सदर की हैसियत से डयूटियों के हवाले से भी बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। उन्होंने कभी अपनी सेहत या उम्र अधिक होने का इज़हार नहीं किया। अपनी डयूटी में वह दूसरों की तरह जवान नज़र आते थे और हसनात साहिब ही यह लिखते हैं कि मैंने कई बार देखा कि वह इस बात को बर्दाश्त नहीं करते थे कि इन से उम्र अधिक होने की वजह से कोई मतभेद वाला सुलूक करे। ठीक है जिस तरह बाक़ी ख़ुद्दाम डयूटी दे रहे हैं, बाक़ी सैक्योरिटी डयूटी दे रहे हैं मैं भी डयूटी दूँगा। अपने छोटों से बड़ी इज़्ज़त से पेश आते। बड़े प्यार से पेश आया करते थे वह कहते हैं कि उनके सुलूक से हमें बड़ी शर्मिंदगी होती थी। हमारी डयूटी देने वाले ख़ुद्दाम की बड़ी हौसला अफ़ज़ाई करते थे। यह बड़ी अच्छी बात लिखी है। कहते हैं कि लोग बातें कर के या कैंप आयोजित कर के किसी को ट्रेनिंग देते हैं लेकिन आपकी डयूटी, आपकी जो यह ट्रेनिंग थी कि निस्वार्थ हो के अपनी डयूटी देना, हाज़िर दिमाग़ी, इख़लास और दुआओं के माध्यम से आपकी ट्रेनिंग थी और कहते हैं जब भी अवसर मिलता ,कहीं मिलते तो हमेशा यही कहा करते थे कि दुआ करो मेरा ख़ातिमा भलाई पर हो।

रशियन डैसक के ख़ालिद अहमद साहिब हैं उन्होंने और बहुत सारी बातों के साथ जो सब लिख रहे हैं यह भी लिखा कि वह हमेशा ख़ामोशी से न केवल ज़रूरतमन्दों की मदद किया करते थे बल्कि बहुत से मालदार जमाअत के लोगों को भी अपने ग़रीब और ज़रूरतमन्द भाईयों और बहनों की मदद की तरफ़ स्थायी तौर पर ध्यान दिलाते और राग़िब करते रहते थे।

अल्लाह तआला का उपदेश

رَبَّنَآ اِنَّنَآ اٰمَنَّا فَاغْفِرْ لَنَا ذُنُوْبَنَا وَقِنَا عَذَابَ النَّارِ (आले इम्रान 17)

हे हमारे रब्ब निसन्देह हम ईमान ले आए

अतः हमारे गुनाह माफ कर दे और हमें आग के अज़ाब से बचा।

तालिबे दुआ

MUHAMMAD MAJEED AND FAMILY

AMEER DIST: ROUPR. PUNJAB

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अगर तुम चाहते हो कि तुम्हें दोनों दुनिया की फत्ह हासिल हो और लोगों के दिलों पर फत्ह पाओ तो पवित्रता धारण करो, और अपनी बात सुनो, और दूसरों को अपने उच्च आचरण का नमूना दिखाओ तब अलबत्ता सफल हो जाओगे।"

तालिबे दुआ

धानू शेरपा

सैक्रेट्री जमाअत अहमदिया देवदमतांग (सिक्कम)

फिर उनका एक विशेष गुण मेहमान नवाज़ी थी। खासतौर पर जलसा के दिनों में उनकी यह विशेषता अपने उरूज पर होती थी। जलसा पर आए हुए मेहमानों का दिल से सम्मान किया करते थे और बिना किसी अतिश्योक्ति के कई मेहमानों को मर्कज़ से आए हों या अन्य देशों से आए हों उनकी रोज़ाना सुबह शाम अपने घर पर बुला कर के अच्छी मज्लिस बनाते, उनको बिठाते और फिर उनको अच्छा खाना खिलाते। और फिर साथ ही हर एक मेहमान को मस्जिद में बिछाई हुई एक जाए नमाज़ का तोहफ़ा भी दे दिया करते थे।

जर्मनी के अतहर ज़ुबैर साहिब हैं उन्होंने भी यही लिखा कि ख़ुसूसीयत के साथ ख़िलाफ़त के साथ वफ़ा का सम्बन्ध था। बड़े मुख़लिस थे और गुफ़्तगु का अंदाज़ बड़ा शफ़क़त वाला और नरम था और मैंने कई बार देखा कि अगर अगली शिफ़्ट पर आने वाले किसी कारकुन को देर भी हो जाती तो शिकायत न करते थे बल्कि अल्लाह का शुक्र अदा करते थे कि ख़लीफ़ा वक़्त की डयूटी में कुछ अधिक वक़्त मुझे मिल गया और हरवक़त डयूटी के लिए कमर बांधे रहते थे। बीमार होते तब भी डयूटी से जल्द फ़ारिग़ होने की इच्छा न करते बल्कि आख़िरी बीमारी में भी मैंने सुना है कि अपने बेटे को यही कहा कि अच्छा , वक़्त क्या है? तो इस का मतलब हुआ कि आज की डयूटी तो फिर गई। आज मैं डयूटी पर जा नहीं सकूँगा। बहुत अधिक बीमारी में भी इस वक़्त डयूटी की थी।

फिर यहां एक हमज़ा रशीद साहिब हैं वह कहते हैं कि बड़े प्यार और मुहब्बत करने वाले और हौसला बढ़ाने वाले नेक बुज़ुर्ग थे। ख़ुद्दाम के लिए एक नमूना थे। बड़ी जाँ-फ़िशानी से ,मेहनत से और लगन के साथ अपनी ज़िम्मेदारी निभाते थे। ख़िलाफ़त से बहुत अधिक मुहब्बत करने वाले थे। ख़ुद्दाम को हमेशा ध्यान दिलाते कि तुम लोगों ने मुहब्बत करते हुए ख़लीफ़ा वक़्त की डयूटी सरअंजाम देनी है और इस बात को अपनी समस्त दूसरी चीज़ों पर मुक़द्दम करना है।

सय्यद ताहा नूर साहिब मुरब्बी सिलसिला इंडोनेशिया हैं। कहते हैं जब भी मुझे मिले इंडोनेशिया का ज़िक्र किया करते थे और इस ज़माना की बातों का ज़िक्र करते थे जब वह 2000 ई में हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अल-राबे के साथ इंडोनेशिया गए थे। कहते हैं एक बार यहां मस्जिद में आए हुए थे और वहां कपड़े धोने का इंतिज़ाम नहीं था तो हम ने उन्हें कहा कि हमें दें हम बाहर से धुलवा लें लेकिन आपने और आपके जो दूसरे साथी थे उन्होंने कहा कि हम कपड़े तो ख़ुद धोते हैं। कहने लगे कि हम तो नौकर लोग हैं हमारा यह स्थान नहीं है कि दूसरे लोग हमारे कपड़े धोएं और बड़ी कोशिश के बाद भी उन्होंने अपने कपड़े नहीं दिए। अब यह बज़ाहिर छोटी छोटी मामूली बातें हैं लेकिन एक वक़्फ़ ज़िन्दगी की उसूली रूह का इन बातों से पता चलता है कि एक वाकिफ ज़िन्दगी को किस तरह का होना चाहिए और नौजवानों को भी इस से शिक्षा मिलती है।

अदनान ज़फ़र साहिब साबिक़ मुहतमिम मुक़ामी यू के हैं। उन्होंने भी लिखा है कि डयूटी देने की तरफ़ खासतौर पर हमें ध्यान दिलाते रहते थे और बाक़ी बातें तो लिखें डयूटी के दौरान खाने पीने का ख़्याल रखने वाली बातें और चीज़ें भी लिखीं। इस के इलावा जो ख़ास चीज़ उन्होंने लिखी वह लिखते हैं कि मुझे ख़िलाफ़त के आदाब उन्होंने सिखाए। ख़िलाफ़त से मज़बूत सम्बन्ध के गुरु समझाए। इंतिहाई दूर-अँदेश शख़्सियत थी। जब भी किसी मामला में मश्वरा मांगा हमेशा फ़ायदा हुआ।

अतहर अहमद साहिब हिफ़ाज़त ख़ास के कारकुन हैं यह भी लिखते हैं कि मैं ने नौ साल डयूटी की। 2011 ई से लेकर 2020 ई तक उमूमी में था। उस की डयूटी की। फिर हिफ़ाज़त ख़ास में शामिल हुआ तो उन्होंने नासिर सईद साहिब से पूछा कि आपने 48 साल, तीन ख़िलाफ़तों के साथ डयूटी की है। मुझे कोई नसीहत करें ताकि मैं भी आपकी तरह डयूटी कर सकों तो उन्होंने कहा कि यहां अपनी आँखें और कान खुले रखना और ज़बान बंद रखना और इस के साथ दुआ करते रहना। यह नसीहत जो है इस पर अमल करना उमूमी तौर पर हर वाकिफ ज़िन्दगी के लिए ज़रूरी है, बल्कि हर कारकुन और जमाअत की सेवा करने वाले के लिए ज़रूरी है, हर ओहदेदार के लिए ज़रूरी है। यह बड़े पते की बात है। फिर कहते हैं कि उनके साथ डयूटी कर के, उनको लोग लाला जी कहते थे कि लाला जी के साथ डयूटी कर के पता चला कि जब किसी अफ़्सर की तरफ़ से हुक्म आए तो जो भी हुक्म आता है इस को वैसे ही करना है। इस पर इस तरह अमल करते और करवाते थे कि वह इसी तरह करना है और इस हुक्म के अंदर से अपने मतलब नहीं निकालते थे कि ऐसे भी हो सकता है, वैसे हो सकता है। कहते हैं जितना उनको कहा जाता और जैसे कहा जाता बिलकुल वैसे करते थे और हम लोगों से भी वैसे ही करवाते थे और अगर यह कहा जाता कि अमुक शिफ़्ट इंचार्ज तो इस तरह करते हैं तो कहते मुझे नहीं पता वह क्या करते हैं। मुझे तो जैसे हुक्म मिला मैंने वैसे ही करना है और फिर यह दुआ के लिए भी खासतौर पर कहा करते थे कि जब तक हूँ अल्लाह तआला चलता फिरता रखे और जब वक़्त आए तो चलता फिरता ही ले जाए ,किसी का मुहताज न करे। अल्लाह तआला ने भी उनसे ऐसा ही सुलूक किया। अल्लाह तआला मरहूम से मग़फ़िरत का सुलूक फ़रमाए। उनके स्तर बुलंद करे। उनकी पत्नी को भी सेहत वाली ज़िन्दगी प्रदान फ़रमाए और सब्र और हौसला भी प्रदान फ़रमाए। उनके बेटे को भी जैसा कि पहले भी मैंने कहा था बल्कि उनकी नस्ल को भी औलाद को ख़िलाफ़त और जमाअत से वफ़ा के साथ रखे।

मैं उनको उस वक़्त से जानता हूँ जब यह जमाअत की सेवा के लिए रब्वह में आए थे। यक़ीनन सब लिखने वालों ने जो भी लिखा है बड़ी हक़ीक़त है। बड़े बेलौस हो कर सेवा करने वाले थे और कामिल इताअत करने वाले थे। उनकी वफ़ात ऐसे हालात में हुई है जब जनाज़ा में अधिक लोग शामिल नहीं हो सकते। कुछ अर्से से यह दिल के मरीज़ थे। एंजियोप्लास्टी भी हुई हुई थी। कुछ दिन पहले बीमार हुए, हस्पताल भी गए। बल्कि जब हस्पताल में दाख़िल हुए हैं और हस्पताल में ही थे। डाक्टरों ने दाख़िल कर लिया और कहा कि यह बड़ा दिल का हमला हुआ है। फिर बाद मैं उन्होंने कहा कि जो वाइरस है इस का भी हमला हो गया है। अल्लाह तआला बेहतर जानता है कि पहले किसी से लिया या हस्पताल में जो आजकल के हालात हैं वहां जा लिया लेकिन बहरहाल कुछ दिन हस्पताल में इलाज में रहे और वहीं अल्लाह तआला के हुज़ूर हाज़िर हो गए। यहां जो क़ानूनी पाबंदियां हैं इस वजह से जनाज़ा भी यहां नहीं लाया जा सकता और चंद क़रीबी लोगों के इलावा जनाज़ा में जमा भी नहीं हो सकते और फिर जनाज़ा के लिए यह भी शर्त है कि उनका जो funeral home या क़ब्रिस्तान है उसी में ही जनाज़ा होगा। इसलिए आजकल जो हालात हैं इस वजह से में भी बहरहाल उनका जनाज़ा ग़ायब इंशा अल्लाह बाद में किसी वक़्त पढ़ाऊंगा।

बेशुमार लिखने वालों ने जैसा कि मैं ने कहा उनकी खूबियां लिखी हैं और जो भी लिखी हैं वास्तव में हक़ लिखा है। यही खूबियां उनमें मौजूद थीं जैसा कि मैं पहले भी कह चुका हूँ। अपनी सेवा को, अपने अह्द को वफ़ा से निभाते हुए यह इस दुनिया से विदा हुए हैं। हर अह्द जो उन्होंने अल्लाह तआला से किया उस को पूरा किया। उनकी ज़िन्दगी में हमें यही नज़र आता है। इस लिहाज़ से यह उन लोगों में शुमार होते हैं जिनके बारे में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि यह शहीद हैं। अल्लाह तआला उन्हें उन में शामिल फ़रमाए और वे समस्त अहमदी जिनकी इस बीमारी के कारण से वफ़ात हुई है अल्लाह तआला उनसे भी रहम और मग़फ़िरत का सुलूक फ़रमाए और हर एक से, अल्लाह बेहतर जानता है कि किस के साथ क्या है हमारी तो यही दुआ है कि हर एक जो है वह अल्लाह तआला की रहमत और मग़फ़िरत हासिल करने वाला हो।

(अलफ़ज़ल इंटरनेशनल 11 मई 2020 ई पृष्ठ 5 से 8)

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

पृष्ठ 2 का शेष

करता हूँ जिसने मुझे इस जलसा में शामिल होने का अवसर दिया। और मैं अपने आपको बड़ा ख़ुशनसीब समझता हूँ कि मुझे हुज़ूर अनवर के दर्शन की, हुज़ूर अनवर के क़ुरब का सौभाग्य नसीब हुआ। मैंने हुज़ूर के अनुकरण में नमाज़ें अदा कीं। मेरा सम्बन्ध एक अरब देश से है। मैं बहुत दुआ करता हूँ कि हुज़ूर की इच्छा के अनुसार अरब लोगों तक भी जमाअत अहमदिया का अमन वाला पैग़ाम पहुंचे और वे भी ख़िलाफ़त की नेअमत से लाभान्वित हो सकें और जो सुकून मुझे जमाअत में शामिल हो कर प्राप्त हुआ है समस्त अरब देशों के लोग भी इस सुकून को पा सकें। आमीन।

30 सितम्बर 2019 ई दिनांक सोमवार

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने सुबह साढ़े छः बजे मस्जिद बैयतुन्नूर में तशरीफ़ ला कर नमाज़ फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले गए। सुबह हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने दफ़्तरी डाक मुलाहिज़ा फ़रमाई और हिदायतों से नवाज़ा और विभिन्न दफ़्तरी मामले सर अंजाम दिए

नैशनल मज्लिस आमला जमाअत हॉलैंड की हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला के साथ मीटिंग

प्रोग्राम के अनुसार सुबह 11 बजकर10 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बैयतुन्नूर तशरीफ़ लाए और नैशनल मज्लिस आमला जमाअत हॉलैंड की हुज़ूर अनवर के साथ मीटिंग शुरू हुई। हुज़ूर अनवर ने दुआ करवाई।

इस के बाद हुज़ूर अनवर ने जनरल सैक्रेटरी साहिब से जमाअतों और तजनीद के बारे में पूछा। जनरल सैक्रेटरी ने निवेदन किया कि जमाअतों की संख्या 17 है और रजिस्टर्ड तजनीद 1612 है। 100 के लगभग ऐसे दोस्त हैं जो अभी तसदीक़ की प्रक्रिया में हैं

हुज़ूर अनवर के पूछने पर जनरल सैक्रेटरी साहिब ने बताया कि हमारी दो तीन जमाअतें सक्रिय नहीं हैं और बाक़ी सब जमाअतें सक्रिय और active हैं और उनकी तरफ़ से नियमित रिपोर्टें प्राप्त होती हैं। ऐडीशनल जनरल सैक्रेटरी रिपोर्ट के हवाला से समस्त सदरों से सम्पर्क करते हैं और याददहानी भी करवाते हैं। हुज़ूर अनवर ने हिदायत फ़रमाई कि जिनकी रिपोर्टें नहीं आतीं उनके सदरों को ध्यान दिलाएँ

नैशनल सैक्रेटरी तब्लीग़ से हुज़ूर अनवर ने तब्लीग़ी मंसूबा बंदी और प्रोग्रामों के बारे में पूछा। इस पर सैक्रेटरी तब्लीग़ ने बताया कि हम ने नया तब्लीग़ी प्लान बनाया है। अब हुज़ूर अनवर जो हिदायतों देंगे हम वे भी इस में शामिल करेंगे। हुज़ूर अनवर के पूछने पर बैअतों की रिपोर्ट के हवाला से जनरल सैक्रेटरी साहिब ने बताया कि इस साल हमारी बैअतों की संख्या 7 थी। हम ने भूतपूर्व 100 बैअतों का टार्गेट अपने समक्ष रखा हुआ है। हुज़ूर अनवर ने पूछा कि क्या लोकल लोगों ने भी बैअत की है। इस पर निवेदन किया गया कि स्थानीय लोगों ने भी बैअत की है। दो नौजवान हैं और जलसा सालाना पर आए हुए हैं और डयूटियाँ भी दे रहे हैं

नैशनल सैक्रेटरी ज़याफ़त से हुज़ूर अनवर ने पूछा कि जलसा पर मेहमानों के खाने का प्रबन्ध किस के ज़िम्मे था। इस पर सैक्रेटरी ज़याफ़त ने निवेदन किया कि उन्हीं के ज़िम्मे था। हुज़ूर अनवर ने पूछने फ़रमाया कि आप की आशा से बहुत अधिक मेहमान आए। पाँच हज़ार से अधिक मेहमान आए। क्या सब के खाने का प्रबन्ध हो गया था। इस पर सैक्रेटरी साहिब ने बताया कि हम ने तययारी की हुई थी। समस्त मेहमानों को खाना उपलब्ध किया गया। आलू गोश्त, दाल और रोटी के अतिरिक्त हमने चावल भी उपलब्ध किए थे।

नैशनल सैक्रेटरी तालीमुल कुरआन वक्फ आरज़ी ने अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वक़्फ़ आरज़ी के विभाग में ख़ास काम नहीं हुआ। बहुत कमी है। इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया पहले अपनी आमला को कहें कि वक़्फ़ आरज़ी के लिए वक़्त दें फिर ख़ुद्दाम, अन्सार और लज्ना की मज्लिसे आमला हैं उनको कहें कि उनकी आमला के मेम्बरों वक़्फ़ आरज़ी करें फिर आपकी स्थानीय जमाअतें हैं उनकी मज्लिसें आमला हैं। फिर ज़ेली तन्ज़ीमों की मज्लिसों की आमला हैं। विभिन्न स्तर पर सब मज्लिसे आमला मेम्बरोंो active हो जाएं तो सब ठीक हो जाएगा। वक़्फ़ आरज़ी के लिए ज़रूरी नहीं कि स्पेन भिजवाना है बल्कि हॉलैंड में भी वक़्फ़ आरज़ी कर सकते हैं। बच्चों को क़ुरआन करीम पढ़ाने, धार्मिक इल्म पढ़ाने की कक्षाएं लें। अपनी आमला से रिपोर्ट लें और फिर मुझे रिपोर्ट भिजवाएं कि आमला में से कितने मेम्बरों ने अपने आपको पंद्रह दिन के लिए वक़्फ़ आरज़ी के लिए पेश किया है। अगर आप समस्त मज्लिसों से 75 प्रतिशत टार्गेट ले लें। वक़्फ़ आरज़ी के लिए तो इस का अर्थ है कि आपने 75 प्रतिशत को involve कर लिया तो इस तरह काम शुरू करें।

नैशनल सैक्रेटरी तहरीक जदीद ने हुज़ूर अनवर के पूछने पर बताया कि हमारे कुछों में बेहतरी आ रही है। हम उस के लिए जमाअतों के दौरे भी करते हैं। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया कि सैक्रेटरी साहिब माल के साथ बैठ कर कुछों के स्तर और कुछा देने वालों की हैसियत का जायज़ा लिया जा सकता है और फिर टार्गेट दिया जा सकता है। अधिक प्रैशर ना डालें और यह भी न हो कि बिलकुल ढीले हो जाएं।

